संख्या-98 /2023/2005 /तीस-3-2023

प्रेषक,

**दुर्गा शंकर मिश्र,**
**मुख्य सचिव,**
**उत्तर प्रदेश शासन।**

सेवा मे,

समस्त जिलाधिकारी/अध्यक्ष
जिला सड़क सुरक्षा समिति, उ0प्र0।

परिवहन अनुभाग-3 लखनऊः दिनांकः 26 जुलाई, 2023

**विषय मा0 सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी (SCCoRS) द्वारा दिये गये नवीनतम दिशा-निर्देशो के अनुपालन में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक के एजेण्डा बिन्दु एवं उनके कार्यवृत्त में एकरूपता लाये जाने के प्रयोजनार्थ मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) के संबध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि मा0 सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी (SCCoRS) के पत्र संख्या-05/CoRS/2022 दिनांक 29.03.2022 तथा शासनादेश संख्या-96/2022/1346/तीस-3-2022 दिनांक 03.08.2022 के अनुपालन में नवीन संरचना अनुसार प्रत्येक माह जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न कराये जाने के निर्देश दिये गये है। राज्य स्तर पर की गयी समीक्षा में निम्न तथ्य प्रकाश में आये हैं :-

- समस्त जनपदों द्वारा प्रतिमाह बैठक आयोजित नहीं की जा रही है।
- समस्त जनपदों द्वारा बैठक के कार्यवृत्त को MoRTH तथा District के पोर्टल पर अपलोड नहीं किया जा रहा है।
- गत बैठक में लिए गए निर्णयों के सापेक्ष कृत कार्यवाही (एक्शन टेकेन रिपोर्ट) का प्रभावी अनुश्रवण नहीं किया जा रहा है।
- जिन जनपदों में बैठक आयोजित की जा रही हैं, उन बैठकों के एजेण्डा बिन्दु तथा कार्यवृत्त मा0 सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी द्वारा दिये गये दिशा-निर्देशो के अनुरूप नहीं है।
- बैठकों के कार्यवृत्त में एकरूपता नहीं होने के कारण समिति द्वारा सड़क सुरक्षा से संबंधित कई महत्वपूर्ण बिन्दुओं की समीक्षा नहीं हो पाती है।

2. उपर्युक्त वर्णित तथ्यों से स्पष्ट है कि मा0 सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी द्वारा जिला सड़क सुरक्षा समिति के संबंध में दिये गये दिशा-निर्देशों के अनुरूप कर्तव्य एवं दायित्वों का समुचित अनुपालन नहीं किया जा रहा है, जिससे प्रदेश में दुर्घटनाओं को रोकने हेतु किये जा रहे प्रयासों में अपेक्षित सफलता प्राप्त नहीं हो पा रही है।

http://shasanadesh.up.gov.in

3. उल्लेखनीय है कि प्रदेश में अब तक सड़क दुर्घटना में मृतकों की संख्या में लक्षित (विगत वर्ष से 50 प्रतिशत) कमी लाये जाने के स्थान पर निरन्तर वृद्धि हो रही है। विगत वर्ष की तुलना में माह जनवरी 2023 से मई 2023 तक सड़क दुर्घटनाओं में 5.5 प्रतिशत की वृद्धि तथा मृतकों की संख्या में 4.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो कि अत्यधिक चिन्ताजनक है। सड़क दुर्घटना के आंकड़ों का यदि विश्लेषण किया जाए तो सर्वाधिक सड़क दुर्घटनाएं राष्ट्रीय राजमार्गों (40 प्रतिशत), राज्य राजमार्गों (30 प्रतिशत) तथा एक्सप्रेस-वे (1.5 प्रतिशत) पर घटित होती हैं। सड़क दुर्घटना के कारणों में ओवर स्पीडिंग से 39.5 प्रतिशत, रोड डिजाइनिंग/पुअर विजिविलिटी/ड्राइवर के थके व नींद में होने के कारण एवं ट्रैफिक कॉमिंग मेजर्स नियमित रूप से पूर्ण न किये जाने के कारण 30 प्रतिशत, रांग साइड ड्राइविंग से 12.7 प्रतिशत, मोबाइल फोन के प्रयोग के कारण 9.7 प्रतिशत तथा ड्रंकन ड्राइविंग से 6.2 प्रतिशत हैं।

यह भी उल्लेखनीय है कि वर्ष की विभिन्न ऋतुओं में विशेषकर वर्षा ऋतु में सड़कों में पाटहोल्स होने, तटबन्ध कटान तथा पुल-पुलियों के क्षतिग्रस्त होने एवं शीत ऋतु में कोहरे के कारण दुर्घटना की संख्या एवं घटित दुर्घटना में मृतकों की संख्या में वृद्धि हुई है।

4. उपर्युक्त के दृष्टिगत सड़क दुर्घटनाओं एवं दुर्घटनाओं में मृतकों की संख्या में कमी लाये जाने हेतु जनपद स्तर पर जिला सड़क सुरक्षा समिति द्वारा स्थानीय कारणों एवं आवश्यकता का आकलन करते हुए वर्ष के प्रारम्भ में ही संबंधित स्टेक होल्डर विभागों के समन्वय से एक एक्शन प्लान बनाकर तथा समिति द्वारा एक्शन प्लान के नियमित अनुश्रवण द्वारा दुर्घटना की संख्या में अपेक्षित कमी लायी जा सकती है। मा0 सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी द्वारा जारी किये गये दिशा-निर्देशों, कर्तव्य एवं दायित्वों के अनुपालन में स्टेट लीड एजेंसी (सड़क सुरक्षा प्रकोष्ठ), परिवहन विभाग द्वारा जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में एकरूपता लाये जाने हेतु बैठक के एजेण्डा बिन्दुओं तथा सामान्य निर्देशों के निर्धारण हेतु **मानक संचालन प्रक्रिया (SOP)** प्रख्यापित की गयी है। एजेण्डा एवं उनके कार्यवृत्त में एकरूपता होने से सड़क दुर्घटना एवं मृतकों की संख्या में कमी लाये जाने की दिशा में व्यापक समीक्षा की जा सकेगी, जिसके परिणामस्वरूप सड़क दुर्घटना तथा दुर्घटना में मृतकों की संख्या में 50 प्रतिशत कमी के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकेगा।

5. अत: इस सम्बन्ध में स्टेट लीड एजेंसी (सड़क सुरक्षा प्रकोष्ठ), परिवहन विभाग द्वारा निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) की प्रति संलग्न कर प्रेषित करते हुए, मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया समस्त जनपदों में बैठक का आयोजन करते हुए उक्त निर्धारित एजेण्डा बिन्दुओं तथा सामान्य निर्देशों के सापेक्ष समीक्षा तथा अनुश्रवण किया जाय, ताकि मा0 सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी द्वारा दिये गये दिशा-निर्देश का अनुपालन किया जा सके।

संलग्न : यथोक्त

**भवदीय,**

**दुर्गा शंकर मिश्र**
**मुख्य सचिव।**

---

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

**<u>संख्या एवं दिनांक यथोक्त ।</u>**

**प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-**

1. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, गृह विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
2. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
3. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, चिकित्सा शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
4. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
5. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
6. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, माध्यमिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
7. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, बेसिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
8. समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।
9. पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।
10. परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश।
11. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 रा0स0 परिवहन निगम, लखनऊ।
12. अपर पुलिस महानिदेशक (यातायात), उत्तर प्रदेश।
13. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

एल0 वेंकटेश्वर लू
प्रमुख सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

---

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक के आयोजन हेतु मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) के अंतर्गत एजेण्डा बिन्दु

1. गत माह की बैठक के कार्यवृत्त को सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (MoRTH) के पोर्टल पर अपलोड किये जाने की स्थिति तथा गत बैठक में लिए गए समस्त निर्णयों के सापेक्ष कृत कार्यवाही की समीक्षा तथा राज्य स्तरीय लीड एजेंसी (सड़क सुरक्षा प्रकोष्ठ) को एक्शन टेकेन रिपोर्ट का प्रेषण:-

| क्रम सं0 | पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों का विवरण | लिये गये निर्णयों को पूर्ण करने हेतु लक्षित समय | निर्णयों के सापेक्ष कृत कार्यवाही का विवरण | कार्यवाही पूर्ण न करने का कारण | कार्यवाही पूर्ण करने की लक्षित तिथि का पुनः निर्धारण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | | | | | |

(नोट- मासिक का अभिप्राय माह ..... 2023 तथा क्रमिक का अभिप्राय जनवरी 2023 से माह ..... 2023 तक है।)

2. जनपद की सड़क दुर्घटनाओं की अद्यावधिक तुलनात्मक समीक्षा (पुलिस विभाग द्वारा कार्यवाही अपेक्षित) :-

| क्र सं | सड़क दुर्घटनाओं की संख्या | | सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में वृद्धि या कमी (प्रतिशत में) | मृतकों की संख्या | | सड़क दुर्घटनाओं में मृतकों की संख्या में वृद्धि (+) या कमी (-) (प्रतिशत में) | सड़क दुर्घटनाओं की संख्या (क्रमिक) | | सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में वृद्धि (+) या कमी (-) (प्रतिशत में) | सड़क दुर्घटनाओं में मृतकों की संख्या (क्रमिक) | | सड़क दुर्घटनाओं में मृतकों की संख्या में वृद्धि (+) या कमी (-) (प्रतिशत में) | सड़क दुर्घटनाओं में मृतकों की संख्या में वृद्धि (+) या कमी (-) के कारण का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | माह ..... 2022 | माह ..... 2023 | | माह ..... 2022 | माह ..... 2023 | | जनवरी 2022 से माह ..... तक | जनवरी 2023 से माह..... .. तक | | जनवरी 2022 से माह ..... तक | जनवरी 2023 से माह . ..... तक | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 1 | | | | | | | | | | | | | |
| 2 | | | | | | | | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | | | | | | |

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

3. जनपद की सीमांतर्गत मार्गवार दुर्घटनाओं की समीक्षा (पुलिस विभाग एवं लोक निर्माण विभाग) :-

| क्र सं | मार्ग का नाम तथा मार्ग का यूनिक कोड | मार्ग की श्रेणी- एक्सप्रेस वे, एन0एच0, एस0एच0, एम0डी0 आर0, एवं ओ0डी0 आर0 | दुर्घटना स्थल का क्षेत्र (शहरी/ ग्रामीण) | मार्ग पर घटित सड़क दुर्घटनाओं की संख्या | | | | मृतकों की संख्या | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | मासिक | | क्रमिक | | मासिक | | क्रमिक | |
| | | | | माह ..... 2022 | माह ..... .2023 | 2022 | 2023 | माह ..... 2022 | माह. ..... 2023 | 2022 | 2023 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 1 | | | | | | | | | | | |

4. तीन या तीन से अधिक मृत्यु वाली सड़क दुर्घटनाओं की जांच संयुक्त रूप से समस्त स्टेक होल्डर विभागों के नामित प्रतिनिधियों द्वारा निम्न प्रारूप पर करते हुए आख्या की समीक्षा

| क्र0 सं0 | जांच के बिन्दु | अपेक्षित कार्यवाही | विवरण | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | दुर्घटना की तिथि एवं समय | द्वारा पुलिस विभाग | | |
| 2 | दुर्घटना स्थल/मार्ग का विवरण (मार्ग का नाम, मार्ग की श्रेणी/ संख्या/ चैनेज/ लैटीट्यूड, लांगीट्यूड/ निकटतम लैण्डमार्क) | द्वारा लो0नि0वि0 | | |
| 3 | घायल एंव मृतकों की संख्या का विवरण | द्वारा पुलिस विभाग | | |
| 4 | दुर्घटना में दर्ज FIR का विवरण (अपराध सं0, दर्ज दुर्घटना का कारण) | द्वारा पुलिस विभाग | | |
| 5 | दुर्घटना स्थल से निकटतम एम्बुलेंस बेस लोकेशन की दूरी | द्वारा चिकित्सा विभाग (द्वारा 108) | | |
| 6 | रिस्पान्स टाइम (सूचना मिलने से लेकर एम्बुलेंस के दुर्घटना स्थल पर पहुंचने का समय) | द्वारा चिकित्सा विभाग (द्वारा 108) | | |
| 7 | दुर्घटना स्थल से गन्तव्य अस्पताल का नाम, दूरी, समय/पेशेन्ट हैंडओवर टाइम | द्वारा चिकित्सा विभाग (द्वारा 108) | | |
| 8 | घायल व्यक्तियों की अस्पताल में भर्ती की अवधि (नाम सहित) | द्वारा चिकित्सा विभाग (द्वारा 108) | | |
| 9 | घायल व्यक्तियों का विवरण- अस्पताल से छुट्टी/ रिफरेल/मृत्यु (नाम सहित) | द्वारा चिकित्सा विभाग | | |

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 10 | यदि किसी दुर्घटना में Good Samaritan चिन्हित हुआ हो तो उसका विवरण Annexure-A (छायाप्रति संलग्न) पर उपलब्ध कराना | द्वारा चिकित्सा तथा पुलिस विभाग | | |
| 11 | दुर्घटना वाहन निरीक्षण का विवरण (वाहन का फिटनेस, चालक का डी0एल0, परमिट,बीमा आदि) | द्वारा परिवहन विभाग | | |
| 12 | दुर्घटना के मुख्य कारण एवं टिप्पणी (संक्षेप में विभागवार) | द्वारा लो0नि0वि0,पुलिस, चिकित्सा, परिवहन विभाग एवं सड़क सुरक्षा विशेषज्ञ | | |
| 13 | पुलिस/परिवहन/चिकित्सा एवं स्वास्थ्य/सड़क निर्माण विभाग/एजेंसी द्वारा दुर्घटना के iRAD ऐप पर अंकन की स्थिति | द्वारा लो0नि0वि0, एन0एच0ए0आई0, पुलिस, चिकित्सा, परिवहन विभाग | | |
| 14 | दुर्घटना स्थल पर सम्भावित बड़ी दुर्घटना को रोकने तथा मृतकों की संख्या में कमी लाने हेतु आवश्यक संस्तुतियां/ अभ्युक्ति | द्वारा लो0 नि0 वि0, पुलिस, चिकित्सा, परिवहन विभाग एवं सड़क सुरक्षा विशेषज्ञ | | |

उपरोक्त संयुक्त जांच समिति के सदस्यों के हस्ताक्षर (नाम/पदनाम सहित)

5. रोड सेफ्टी पॉलिसी के 4 "E" में रोड इंजीनियरिंग से संबंधित बिन्दुओं की समीक्षा:-

- **ब्लैक स्पॉट्स की समीक्षा:-** लोक निर्माण विभाग द्वारा निम्न प्रारूप पर विभिन्न वर्षो में चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स की समीक्षा:-

| विभाग/एजेंसी का नाम .....(लो0नि0वि0/एन0एच0ए0आई0/अन्य सड़क निर्माण विभाग/ एजेंसियों द्वारा पृथक पृथक संकलन) | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्रम सं | वर्ष | जनपद में विभाग/ एजेंसी के अधीन ब्लैक स्पॉट्स की संख्या | ब्लैक स्पॉट्स की संख्या (जिन पर रोड सेफ्टी ऑडिट का कार्य पूर्ण हो गया हो) | अल्पकालिक सुधार कार्य | | | | दीर्घकालिक सुधार कार्य | | | अभ्युक्ति |
| | | | | पूर्ण | अवशेष | पूर्ण करने की लक्षित तिथि | दीर्घकालिक सुधार हेतु चिन्हित ब्लैक स्पॉट की संख्या | पूर्ण | अवशेष | पूर्ण करने की लक्षित तिथि | (पूर्व में लक्षित ब्लैक स्पॉट का सुधारी करण न किये जाने का कारण) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 1. | 2018 | | | | | | | | | | |
| 2. | 2019 | | | | | | | | | | |
| 3. | 2020 | | | | | | | | | | |
| 4 | 2021 | | | | | | | | | | |
| 5 | 2022 | | | | | | | | | | |

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

- ट्रैफिक कॉमिंग मेजर्स की समीक्षाः- जनपद में समस्त एम0डी0आर0, एस0एच0, एन0एच0 श्रेणी के मार्गों के जंक्शन की संख्या को चिन्हित करते हुए उन पर आवश्यक ट्रैफिक कॉमिंग मेजर्स स्थापित कराये जाने की समीक्षा

| क्रम सं0 | मार्ग की श्रेणी | जनपद में मार्ग की कुल सं0 | जनपद में मार्ग की कुल लम्बाई | जनपद में मार्गों पर लेन मार्किंग / रोड मार्किंग किये गये मार्गों की स्थिति | | मार्गों पर चिहिन्त जंक्शन की कुल संख्या | ट्रैफिक कॉमिंग मेजर्स का कार्य पूर्ण | ट्रैफिक कॉमिंग मेजर्स का कार्य अपूर्ण | ट्रैफिक कॉमिंग मेजर्स पूर्ण करने की लक्षित तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | संख्या | लम्बाई | | | | |
| 1 | NH (NHAI) | | | | | | | | |
| 2 | NH (PWD) | | | | | | | | |
| 3 | SH | | | | | | | | |
| 4 | MDR | | | | | | | | |

- जनपद में विभिन्न श्रेणी के मार्गों पर सकरी पुलिया के चौड़ीकरण की समीक्षा तथा चौड़ीकरण का कार्य स्वीकृत न होने की दशा में सकरी पुलिया पर समुचित साइन बोर्ड, रोड मार्किंग, डेलीनेटर, प्रकाश व्यवस्था लगाये जाने इत्यादि की समीक्षा ।
- जनपद में मा0 सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी के निर्देशानुसार इलेक्ट्रानिक प्रवर्तन के अंतर्गत मोटरयान अधिनियम 1988 संशोधित 2019 की धारा 136 ए के प्रभावी क्रियान्वयन के तहत मार्ग स्वामित्व वाले विभागों द्वारा मार्गों पर ओवर स्पीडिंग रोकने हेतु ए0एन0पी0आर0/स्पीड कैमरा तथा ओवर लोडिंग रोकने हेतु वे-इन-मोशन ब्रिज स्थापित किये जाने की समीक्षा।
- मार्ग के किनारे इलेक्ट्रिक पोल मुख्य कैरिज-वे के अत्यंत निकट लगे होने की दशा में विद्युत विभाग द्वारा मार्ग पर सुरक्षित आवागमन हेतु निर्धारित मानक के अनुसार पटरियों के अंतिम छोर पर (यथा संभव आर0ओ0डब्लू0 के अंत में) शिफ्ट किये जाने की कार्यवाही की समीक्षा। शिफ्टिंग पूर्ण होने तक दुर्घटना को रोकने हेतु अनिवार्य रूप से इलेक्ट्रिक पोल पर रिफ्लेक्टिव टेप/पेन्ट आदि की लगाये जाने की समीक्षा।
- मार्गों के किनारे अवैध अतिक्रमण को हटाये जाने की समीक्षा।

6. रोड सेफ्टी पॉलिसी के 4 E में इन्फोर्समेन्ट के अंतर्गत संबंधित बिन्दुओं की परिवहन एवं पुलिस विभाग द्वारा पृथक-पृथक समीक्षा :-

- विगत माहों में विभिन्न अपराधों के विरूद्ध किये गये चालानों की संख्या की समीक्षाः-

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

| क्र. सं. | अपराधों का विवरण | प्रवर्तन | | | | प्रतिशत (वृद्धि या कमी) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | मासिक | | क्रमिक | | | |
| | | 2022 | 2023 | 2022 | 2023 | मासिक | क्रमिक |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | ओवर स्पीडिंग | | | | | | |
| 2 | बिना हेल्मेट दो पहिया वाहन चलाना | | | | | | |
| 3 | पिलियन राइडर- बिना हेल्मेट | | | | | | |
| 4 | बिना सीटबेल्ट | | | | | | |
| 5 | रांग साइड | | | | | | |
| 6 | रेड लाइट जंपिंग | | | | | | |
| 7 | ड्रंकन ड्राइविंग | | | | | | |
| 8 | वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग | | | | | | |
| 9 | ओवर लोडिंग- यात्री वाहन (विशेषकर स्कूली वाहन/ऑटो/ टेम्पो/बैटरी रिक्शा) | | | | | | |
| 10 | ओवर लोडिंग- (माल वाहनों में) | | | | | | |

मा0 सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में विभिन्न अपराधों में किये गये लाइसेंस निलम्बन की कार्यवाही की समीक्षा (परिवहन विभाग द्वारा):-

| क्र. सं. | अपराधों का विवरण | निलम्बन हेतु अग्रसारित प्रकरणों की संख्या | | लाइसेंस निलम्बन की कार्यवाही | | निलम्बन हेतु लम्बित प्रकरणों की संख्या | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | मासिक | क्रमिक | मासिक | क्रमिक | मासिक | क्रमिक |
| 1 | ओवर स्पीडिंग | | | | | | |
| 2 | रेड लाइट जंपिंग | | | | | | |
| 3 | ड्रंकन ड्राइविंग | | | | | | |
| 4 | मोबाइल का प्रयोग | | | | | | |
| 5 | माल वाहनों में यात्री बिठाये जाने पर | | | | | | |
| 6 | ओवर लोडिंग (माल वाहनों में) | | | | | | |

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

सड़क सुरक्षा से संबंधित अन्य प्रवर्तन के बिन्दुः-

| क्र.सं. | अपराध का विवरण | प्रवर्तन कार्यवाही | |
|---|---|---|---|
| | | मासिक चालानों की संख्या (माह .....2023) | क्रमिक चालानों की संख्या (जनवरी, 2023 से माह .....2023 तक) |
| 1 | बिना लाइसेंस के वाहन चलाना | | |
| 2 | अन्डर ऐज ड्राइविंग | | |
| 3 | वाहनों पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप न होना | | |
| 4 | स्कूली वाहन मानकों के अनुरूप न पाये जाने पर | | |
| 5 | बिना फिटनेस वाहन का संचालन | | |
| 6 | व्यवसायिक वाहनों में स्पीड लिमिट डिवाइस (एस0एल0डी0) का न लगे होने तथा अक्रियाशील होने की दशा में | | |
| 7 | मॉडिफाइड साइलेंसर तथा प्रेशर हॉर्न लगे होने की दशा में | | |

आई0टी0एम0एस0 स्थापित शहरों/एक्सप्रेस-वे तथा अन्य मार्गों पर स्थापित इलेक्ट्रानिक प्रवर्तन युक्तियों द्वारा कृत कार्यवाही की समीक्षा:-

| क्र.सं. | माह में दर्ज किये गये उल्लंघन की संख्या | माह में दर्ज किये गये उल्लंघन के सापेक्ष किये गये चालानों की संख्या | उल्लंघन के सापेक्ष किये गये चालान का प्रतिशत (कॉलम 3/कॉलम 2 %) | चालान के सापेक्ष प्रशमन शुल्क (लाख में) | वसूल किये गये प्रशमन शुल्क (लाख में) | वसूले गये प्रशमन शुल्क का प्रतिशत (कॉलम 6/ कॉलम 5 %) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | | | | | | |

- इलेक्ट्रानिक प्रवर्तन युक्तियों के लगे होने की सूचना आम-जनमानस तक पहुंचाने हेतु मोटरयान अधिनियम, 2019 की धारा 136 ए के अंतर्गत पठित नियम 167 "क" के अनुसार उपयुक्त साइन बोर्ड की उपलब्धता सुनिश्चित करने की समीक्षा।

7. रोड सेफ्टी पॉलिसी के 4 "E" में एजुकेशन (जागरूकता) से संबंधित बिन्दुओं की समीक्षा :-

- रोड सेफ्टी क्लब:- जनपद में संचालित सभी प्रकार के संस्थानों में रोड सेफ्टी क्लब का गठन अनिवार्य रूप से कराया जाए, जिसकी समीक्षा निम्न प्रारूप पर की जाए-

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

| क्र.सं. | शिक्षा संस्थान का प्रकार (शासकीय/अशासकीय/ वित्त विहीन) - माध्यमिक/ उच्च शिक्षा | रोड सेफ्टी क्लब की संख्या | | आयोजित गतिविधियों की संख्या | | जागरूक किये गये व्यक्तियों की संख्या | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | मासिक | क्रमिक | मासिक | क्रमिक | मासिक | क्रमिक |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | | | | | | | |

जागरूकता हेतु अन्य गतिविधियांः-

| क्र.सं. | गतिविधियां | कृत कार्यवाही हेतु अपेक्षित विभाग | आयोजन/बैठकों की संख्या | प्रतिभागियों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | जिला विद्यालय यान परिवहन समिति की त्रैमासिक बैठक | बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग/परिवहन विभाग | | |
| 2 | विद्यालयों में एसेम्बली के दौरान सड़क सुरक्षा प्रतिज्ञा/शपथ/अन्य गतिविधियां | बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग | | |
| 3 | चालक प्रशिक्षण सत्रों का आयोजन - ऑनलाइन/ऑफलाइन | परिवहन विभाग/ गैर सरकारी संस्था | | |
| 4 | फर्स्ट रिस्पॉन्डर प्रशिक्षण (माध्यमिक, उच्च शिक्षा गैर सरकारी संस्थाओं, एन0एच0, एस0एच0 के किनारे ढ़ाबे, टोल प्लाजा के व्यक्तियों, पेट्रोल पम्प के स्टाफ)- ऑनलाइन/ऑफलाइन | परिवहन विभाग/गैर सरकारी संस्था /चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग/चिकित्सा शिक्षा विभाग | | |
| 5 | नेत्र स्वास्थ्य जांच कैम्प का आयोजन | चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग | | |
| 6 | नुक्कड़ नाटक, कैंडिल मार्च, बाइकोथॉन | परिवहन विभाग/ गैर सरकारी संस्था | | |
| 7 | यातायात नियमों, रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप के बारे में जागरूकता शिविर | परिवहन विभाग | | |

8. रोड सेफ्टी पॉलिसी के 4 "E" में इमरजेंसी केयर से संबंधित बिन्दुओं की समीक्षा

- एन0एच0ए0आई0 में कार्यरत एम्बुलेंसेस की अद्यतन स्थिति- मार्गवार (मानव संसाधन, उपकरण तथा क्रियाशीलता)।
- 108 टॉल फ्री नं0 के अंतर्गत कार्यरत एम्बुलेंसेस की अद्यतन स्थिति (मानव संसाधन, उपकरण तथा क्रियाशीलता)।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

- विगत दुर्घटनाओं के आधार पर 108 टोल फ्री नं0 की एम्बुलेंसेस तथा एन0एच0ए0आई0 की एम्बुलेंसेस के आपसी सामन्जस्य के अनुसार रिलोकेशन।
- यदि आवश्यक हो तो ए0एल0एस0 एम्बुलेंसेस की हाईवे पर अवस्थापना।
- इमरजेंसी मेडिकल एक्शन प्लान - सर्वाधिक दुर्घटना वाले स्थलों पर 5 मिनट के अंदर एम्बुलेंस पहुंचने की व्यवस्था सुनिश्चित करना तथा ऐसे मार्गों पर स्थित राजकीय चिकित्सालयों के आकस्मिक चिकित्सा उपचार हेतु सुदृढ़ीकरण के संबंध में योजना तैयार करना।
- सड़क दुर्घटना में घायल गंभीर मरीजों के रेफरेल हेतु एन0एच0ए0आई0 के मेडिकल ऐड पोस्ट/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों/सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों से उच्चतर चिकित्सा केन्द्रों/मेडिकल कॉलेज के मध्य समन्वय स्थापित किया जाना एवं जनपदीय प्री हॉस्पिटल नोटीफिकेशन सिस्टम विकसित किया जाना।
- गुड सेमेरिटन योजना के प्रोत्साहन हेतु समाचार पत्रों के माध्यम से प्रचार-प्रसार कराया जाना।
- बड़ी सड़क दुर्घटना में घायलों को बचाये जाने हेतु जनपदीय आकस्मिक मेडिकल एकशन प्लान बनाया जाए। इस प्लान में जनपद के अस्पतालों/मेडिकल कॉलेज की तैयारी, बेडों की उपलब्धता, मानव संशाधन एवं उपकरण के आधार पर सूचनाः-

| क्र.सं. | एक्शन प्लान के अनुसार आवश्यक संसाधनों की संख्या | | | क्रियाशील संसाधनों की संख्या | | | संसाधनों की कमी हेतु किये गये प्रयासों का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | बेडों की संख्या | मानव संसाधन की संख्या | उपकरणों की संख्या | बेडों की संख्या | मानव संसाधन की संख्या | उपकरणों की संख्या | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | | | | | | | |

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

## सामान्य निर्देश

· जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक प्रत्येक माह के द्वितीय अथवा तृतीय सप्ताह तक अनिवार्य रूप से जिलाधिकारी की अध्यक्षता में स्टेक होल्डर विभाग एवं एन0जी0ओ0 के नामित सदस्यों, विशेष आमंत्री के रूप में जनपद के परिवहन निगम के सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक, जिला सूचना अधिकारी, सर्टिफाइड रोड सेफ्टी एक्सपर्ट (यथासंभव इंजीनियरिंग कॉलेज में हाई-वे फैकेलिटी) की उपस्थिति में आयोजित करायी जाए तथा बैठक का कार्यवृत्त अगले 02 कार्यदिवसों के अंतर्गत MoRTH के वेबपोर्टल URL-http://morth-roadsafety.nic.in/edisha/ index.aspx तथा जनपदीय वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जाए।

· जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक प्रत्येक माह कराये जाने का उत्तरदायित्व समिति के सचिव (अधिशासी/अधीक्षण अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग) तथा सह सचिव (सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी) का सामूहिक रूप से होगा।

· प्रत्येक जनपद द्वारा यथासंभव वर्ष के प्रथम माह जनवरी में जनपदीय रोड सेफ्टी एक्शन प्लान, समस्त स्टेक होल्डर विभागों के समन्वय से बनाया जाए तथा उसका क्रियान्वयन आगामी माहों में अनिवार्य रूप से किया जाए।

· जनपद स्तर पर सड़क सुरक्षा के अंतर्गत सड़क दुर्घटना एवं दुर्घटना में मृतकों की संख्या में कमी लाये जाने हेतु समस्त स्टेक होल्डर विभागों द्वारा किये जा रहे प्रयासों में यदि किसी प्रकार के बजट के आवश्यकता हो तो उसका आंकलन कर विभागीय बजट में उसकी स्वीकृति करायी जाए। यदि विभागीय बजट से स्वीकृति कराना संभव न हो तो उसकी सूचना समिति के अध्यक्ष के माध्यम से राज्य स्तरीय लीड एजेंसी (सड़क सुरक्षा प्रकोष्ठ), परिवहन विभाग को प्रेषित की जाए।

· समिति द्वारा जनपद के सर्वाधिक दुर्घटना वाले मार्गों का प्राथमिकता के आधार पर रोड सेफ्टी ऑडिट कराये जाने की समीक्षा की जाए तथा मार्गों पर ब्लैक स्पॉट्स के अतिरिक्त ऐसे हॉट स्पॉट्स जहां भविष्य में घातक दुर्घटना होने की संभावना हो उन्हें भी चिन्हित कर आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही ऑडिट की रिपोर्ट के अनुसार कराये जाने की समीक्षा की जाए।

· समिति द्वारा जनपद में अधोमानक हेल्मेट निर्माता एवं विक्रेता के विरूद्ध पुलिस एवं परिवहन विभाग द्वारा निश्चित समयान्तराल पर की गयी कार्यवाही की समीक्षा तथा आई0एस0आई0/बी0आई0एस0 मानक वाले हेल्मेट क्रय करने, हेल्मेट का सही प्रकार से प्रयोग (चालक तथा पिलियन राइडर) हेतु आम-जनमानस को जागरूक किये जाने की कार्यवाही की समीक्षा की जाए।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

· जनपद में ई-रिक्शा/आटो-टैम्पो/मैक्सी कैब के मार्गो का निर्धारण संबंधित स्टेक होल्डर विभागों के पारस्परिक समन्वय द्वारा किया जाये तथा उनके चिन्हांकन हेतु कलर कोडिंग की कार्यवाही भी करायी जाए तथा समिति द्वारा कृत कार्यवाही की समीक्षा की जाए।

· समिति द्वारा जनपद के विभिन्न मार्गों पर रांग साइड ड्राइविंग रोकने हेतु संबंधित विभागों द्वारा मार्गों/स्थल का चिन्हांकन कराते हुए प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही तथा ऐसे स्थलों पर गलत मीडियन गैप का परीक्षण कराते हुए स्थायी रूप से सुधारात्मक कार्यवाही की समीक्षा की जाए।

· मार्गों पर निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही वाहनों को खड़ा करने हेतु प्रोत्साहित किया जाए तथा अवैध रूप से खड़े वाहनों को हटाने हेतु हाई-वे पेट्रोलिंग को और अधिक प्रभावी बनाया जाए तथा आवश्यकतानुसार प्रवर्तन कार्यवाही की जाए। समिति द्वारा कृत कार्यवाही की नियमित समीक्षा की जाए।

· मार्गों पर आवारा पशुओं के विचरण को रोकने हेतु संबंधित विभागों द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जाए तथा समिति द्वारा इसकी समीक्षा की जाए।

· समिति द्वारा मार्गों पर अवैध कट का चिन्हांकन कराते हुए उनको बन्द कराने की कार्यवाही की समीक्षा।

· समिति द्वारा वर्षा ऋतु में मार्गों पर उत्पन्न पॉट होल्स, तटबन्ध कटान तथा क्षतिग्रस्त पुल/पुलियों का निरीक्षण संबंधित विभाग द्वारा नियमित रूप से कराते हुए सुधारात्मक कार्यवाही की समीक्षा की जाए। इसी प्रकार शीत ऋतु में कोहरे के कारण दुर्घटना के बचाव हेतु वाहनों पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप तथा मार्गों पर रोड मार्किंग की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु संबंधित विभागों को समिति द्वारा निर्देशित किया जाए तथा कृत कार्यवाही की समीक्षा की जाए।

· साइकिल एवं मैनुअल रिक्शा चालकों को रेट्रो रिफ्लेक्टिव स्टीकर लगाये जाने हेतु जागरूक करना।

· मोटरयान चालन विनियम 2017 (छायाप्रति संलग्न) के बारे में उल्लिखित चालन विनियमों को छात्रों एवं आम-जनमानस में प्रचार प्रसार करना।

· स्कूली वाहनों/एम्बुलेंसेस/सरकारी विभागों में कार्यरत वाहनों की फिटनेस जांच की समीक्षा तथा उनके चालकों के स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच तथा ड्राइविंग लाइसेंस का परीक्षण नियमित समयान्तराल पर किये जाने की समीक्षा।

· उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के अंतर्गत संचालित/अनुबन्धित बसों की फिटनेस, स्पीड लिमिट डिवाइस (एस0एसल0डी0) की जांच की समीक्षा।

---

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

· उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के बस चालकों के नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच, ड्रंकन ड्राइविंग के निश्चित समयान्तराल पर किये जाने की समीक्षा।

· उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के अंतर्गत संचालित/अनुबन्धित बसों में रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगाये जाने की कार्यवाही की समीक्षा।

अन्य बिन्दुः-

अध्यक्ष की सहमति से जनपद विशेष की परिस्थितियों के दृष्टिगत एजेण्डा बिन्दु में अन्य बिन्दुओं का समावेश किया जा सकता है।

---

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

Annexure-A

**Form for Acknowledgement for Good Samaritan Award**
**(To be given by the Police Station)**

| Acknowledgement for the act performed by Good Samaritan under the "Award to Good Samaritan" Scheme of Ministry of Road Transport and Highways, Govt of India | |
|---|---|
| **PERSONAL DETAILS** | |
| Name of the Good Samaritan<br>(Pls use separate sheet for each Good Samaritan, in case it is more than one individual) | |
| Mobile Number | |
| Address | |
| Place of Accident (with detailed address) | |
| Date & Time of Accident | |
| **Bank Account Details** | |
| Bank Name (with address): | Account Number: |
| Account Holder Name: | IFSC Code: |
| **CERTIFICATION BY POLICE DEPARTMENT** | |
| Name of the Police Station (with address & Tel No.): | |
| Name and Mobile number of the In-charge of the concerned police station | |
| Description of the Incident<br>(explain in brief the act performed by Good Samaritan that has helped in saving life of the victim) and to confirm that the aid was provided by the Good Samaritan within the stipulated time of Golden Hour | |
| **CERTIFICATION BY HOSPITAL** | |
| Name of the Doctor who attended first (with the Name and address of the Hospital) | |
| Name and Telephone number of the Hospital Head (MD/Director/Superintend. etc.) | |
| Brief Reason as to why it has been treated as fatal accident and to confirm that the aid was provided by the good Samaritan within the stipulated time of Golden Hour | |
| Signature of Authorized Official (with official seal) | |

Date:
Place:

(Signature of the Authorized signatory)
[Name and Designation of the Authorized Signatory]

****

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 525] नई दिल्ली, शुक्रवार, जून 23, 2017/आषाढ़ 2, 1939
No. 525] NEW DELHI, FRIDAY, JUNE 23, 2017/ASADHA 2, 1939

## सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

### अधिसूचना

नई दिल्ली, 23 जून, 2017

**सा.का.नि. 634(अ).**—केन्द्रीय सरकार, मोटर यान अधिनियम, 1988 (1988 के 59) की धारा 118 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, और सड़क विनियमन, 1989 के नियम को उन बातों के सिवाय अधिकांत करते हुए जिन्हें ऐसे अधिक्रमण से पहले किया गया है या लोप किया गया है, मोटर यान चालन के लिए विनियमन बनाती है –

**1. संक्षिप्त नाम, विस्तार और प्रारंभ** –

(1) इन विनियमों का संक्षिप्त नाम मोटर यान चालन विनियम, 2017 है।

(2) ये राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख को प्रवृत होंगें।

**2. परिभाषाएं** –

(1) इन विनियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो, –

(क) "अधिनियम" से मोटर यान अधिनियम, 1988 (1988 का 59) अभिप्रेत है;

(ख) "परिवहन मार्ग" से अभिप्रेत है वह जो सड़क का वह हिस्सा या हिस्से जिन्हें सामान्य रूप से यानों की यातायात के लिये उपयोग किया जाता है, बेशक उन्हें एक दूसरे से विभाजन पट्टी या स्तर के अंतर या बिना किसी विभाजन के अलग किया जाता है;

(ग) "संनिर्माण क्षेत्र" सड़क मार्ग का वह हिस्सा है जहां पर निर्माण प्रगति कार्य किया जा रहा है या किया जाने वाला है और जिसमें कार्य स्थल, यातायात स्थान या अवरोधक स्थल सम्मिलित हैं';

(घ) "भारी यान" का से अभिप्रेत है वह भारी माल यान या भारी सवारी के मोटर यान हैं जैसा अधिनियम की धारा 2 के खंड (16) और (17) में क्रमशः परिभाषित किया गया है;

(ङ) "चौराहे" से अभिप्रेत है किसी सम पार, चौराहे या कांटे से, जिसमें ये सम पार, चौराहे या कांटे शामिल हैं;

(च) "लंबवत चिन्हांकन" से अभिप्रेत है सड़क के चिन्ह जिन्हें यातायात की यातायात के लिये सड़क पर प्रदान किया जाता है;

(छ) "प्रमुख जिला सड़क" से अभिप्रेत है एक जिले में राज्य सरकार द्वारा इस तरह के रूप में अधिसूचित महत्वपूर्ण सड़कें हैं,

(ज) "प्रमुख सड़क" से अभिप्रेत है उन राजमार्ग से जिन्हें राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 की अनुसूची में विनिर्दिष्ट किया गया है या अन्य कोई राजमार्ग जिसे कथित अधिनियम की धारा 2 की उप–धारा (2) के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित किया गया है।

(झ) "यान स्थल" से अभिप्रेत है ऐसे स्थल से जहां पर व्यक्तियों/यानों, माल या सामान को उतारना या उठाना छोड़कर या किसी अन्य प्रयोजन के लिये यानों को एक स्थिर स्थिति में प्रतीक्षा करने के लिये खड़ा किया जाता है, और इसके लिये यान का तीन मिनट से अधिक समय तक रूकना सम्मिलित है;

(ञ) "सवारी" या "यात्री" से अभिप्रेत है एक मोटर यान पर यान के चालक को छोड़कर यात्रा करने वाले यात्री से है, बेषक वह भाड़े या पुरस्कार या अन्यथा किसी तरीके से यात्रा कर रहा है;

(ट) "रास्ते के अधिकार" से अभिप्रेत है वह यान या किसी अन्य सड़क उपयोगकर्ता को विधिपूर्वक रीति से प्राथमिकता देकर दूसरे यान से पहले रास्ता देने का अधिकार है या किसी अन्य आने वाले सड़क उपयोगकर्ता को दिशा, गति, और निकटता की परिस्थितियों में यदि एक को दूसरे की अपेक्षा प्राथमिकता नहीं दी जाती तब इससे खतरा या आपस में टकरा सकते हैं;

(ठ) "सड़क" में पुल, सुरंगें, सड़क के किनारे यान खड़ा करने का स्थान, ढोने की सुविधा, अदला बदली, गोल चक्कर, सुरक्षित/निरापद क्षेत्र, सड़क विभाजक, सभी यातायात गलियां, तीव्र लेन, मंद लेन, अंतःस्थल, ओवरपास, अंडरपास, पहुंच मार्ग, प्रवेश और निकास रैंप, टोल प्लाजा, और निर्माणाधीन सड़कें शामिल हैं लेकिन इसमें कोई निजी सड़क सम्मिलित नहीं है;

(ड) "सड़क के निशान" से अभिप्रेत है वह सड़क के चिन्हों को छोड़कर उन पंक्तियों, आकारों, शब्दों से जिन्हें सड़क मार्ग या फुटपाथ या सड़क मार्ग में या उनके साथ सटी वस्तुओं में सड़क उपयोगकर्ताओं को नियंत्रित, चेतावनी, मार्गदर्शन और सूचना प्रदान करने के लिये चित्रित किया जाता है।

(ढ) "सड़क उपयोगकर्ता" में यान चलाने वाला व्यक्ति या यान में सवारी करने वाला यात्री या अन्यथा एक पैदल व्यक्ति सम्मलित है;

(ण) "शांन्त क्षेत्र" से अभिप्रेत है वह ऐसा क्षेत्र या इलाका है जिसमें एक सक्षम प्राधिकारी द्वारा ध्वनि संकेतों के उपयोग को निसिद्ध अधिसूचित किया गया है;

(त) "राज्य राजमार्ग" से अभिप्रेत है जो राज्य की प्रमुख सड़कें हैं जिन्हें कथित राज्य सरकार द्वारा इस रूप में अधिसूचित किया जाता है,

(थ) "ठहराव" से अभिप्रेत है जो यान को स्वतंत्र इच्छा पर या तो सवारियों को बिठाने या उतारने या तुरन्त माल लादने या उतारने के लिये बहुत कम अंतराल के लिये रोकना है;

(द) "यातायात" में हर श्रेणी के यान और अन्य मालवाहक और परिवहन, पैदल चलने वाले, जुलूस, पशुओं द्वारा ढोइे गाड़ी या पशुओं के झुंड, और यात्रा के प्रयोजन के लिए कोई भी सड़क या राजमार्ग का उपयोग करने वाला सभी रूपों में सड़क यातायात शामिल हैं;

(ध) "निरापदक्षेत्र" से अभिप्रेत है वह सड़क मार्ग पर चौराहों के निकट आने जाने वाले यानों को नियंत्रित करने के लिये वास्तविक उपाबन्ध और सड़क मार्ग पर चिन्हित चिन्ह हैं;

(न) "पारगमन चिन्ह" से अभिप्रेत है वह सड़क चिन्ह हैं जिन्हें सड़क मार्ग पर शुरू से अंत तक प्रदान किया जाता है।

(1) इन विनियमों में प्रयुक्त कोई भी शब्द या अभिव्यक्ति, जिसे यहां पर परिभाषित नहीं किया गया है, उसका वही अर्थ होगा जैसा अधिनियम में विनिर्दिष्ट किया गया है।

3. **अन्य सड़क उपयोगकर्ताओं और साधारण जनता के प्रति कर्तव्य** :– कोई भी यान सार्वजनिक स्थल पर इस तरीके से चलाया, रोका या खड़ा नहीं किया जाएगा, जिसके कारण अन्य सड़क उपयोगकर्ता की सुरक्षा को खतरा, या असुविधा होने की संभावना हो सकती है।

4. **यानों के द्वारा सड़कों का उपयोग करना –**

(1) प्रत्येक यान या यानों के संयोजन, सड़क पर चलाते समय, चालक द्वारा संचालित होगा।

(2) एक मोटर यान सड़क मार्ग पर चलाया जाएगाः

परन्तु दोहरे सड़क मार्ग पर, यान सड़क मार्ग के बांई ओर चलाया जाएगा जब तक अन्यथा उस समय ड्यूटी पर वर्दी में किसी पुलिस अधिकारी या उपयुक्त सड़क चिन्ह द्वारा उसे अन्य निर्देश नहीं दिया जाता।

(3) जब तक सड़क चिन्ह या निशान अन्यथा संकेत नहीं करते, चालक यान को सड़क मार्ग के बांई ओर जितना संभव हो सकता है चलाएगा, और विपरीत दिषा से आने वाले सारे यातायात को अपनी दांई ओर से निकल जाने का अधिकार देगा।

(4) किसी अन्य यान द्वारा पिछेलने में करते समय और जब किसी ऐसे मोड़ या पहाड़ी पर पहुंचते समय जहां आगे का दृश्य बाधित है या स्पष्ट नहीं है चालक को अपना यान बांई ओर रखना होगा।

(5) एक भारी यान या गति प्रतिबंधित यान एक ही दिशा के सड़क मार्ग में बहुल पंक्ति के साथ एक दिशा में बाईं लेन में चलाया जाएगा, सिवाय उस स्थिति को छोड़कर जहां पिछलना पर करने में बाधा उत्पन्न होती है या यान धीमी गति में चल रहे हैं:

परंतु चालक बाधा या धीमी गति से चलते यानों को पार करने के बाद जितना जल्दी संभव हो अपनी बाईं यथास्थिति लेन/पंक्ति में वापस सुरक्षित आ जाता है ।

(6) एक यान ऐसी सड़क पर नहीं चलाया जाएगा जिसे, "एक तरफा" घोषित किया गया है, सिवाय साइनेज़/चिन्हांक में निर्दिष्ट दिषा को छोड़कर

(7) कोई भी चालक यातायात प्रवाह के विपरीत यान को न खींचेगा, न धक्का लगायेगा, न ही चलाएगा, सिवाय उस स्थिति को छोड़कर जब समुचित प्राधिकरी द्वारा विशेष रूप से उसे ऐसा करने के लिये या यातायात संकेत स्थापित किया गया है या कर्तब्य पर तैनात वर्दी में उपयुक्त पुलिस अधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया है।

(8) चालक को किसी यान को पीछे की ओर घुमाते समय सुरक्षित दूरी बनाए रखना होगा और उसकी ओर तब तक आगे नहीं जाएगा जब तक कथित यान द्वारा पीछे घुमाने/करने की प्रक्रिया पूरी नहीं कर ली गई है।

**5. चालकों और सवारियों के कर्तव्य** –

(1) प्रत्येक चालक हर समय पूरी देखभाल और सावधानी के साथ यान चलाएगा।

(2) चालक यान चलाते समय यह सुनिश्चित करेगा कि वह उसकी शारीरिक और मानसिक क्षमताएं उसके पूर्ण नियंत्रण में हैं और शारीरिक और मानसिक रूप से यान चलाने के लिये पूरी तरह सक्षमहै।

(3) चालक हर समय सड़क और यातायात पर अपनी पैनी नजर बनाकर रखेगा और पूरा ध्यान केंद्रित करेगा ताकि किसी भी समय ध्यान भंग/भटकने की स्थिति उत्पन्न होने या उसकी संभावना से उसका ध्यान भटकने से बच सके।

(4) चालकऔर यात्री पैदल चलने वालों, साइकिल चालकों, बच्चों, बुजुर्गों और शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के रूप में सबसे कमजोर सड़क उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष देखभाल और सावधानी के साथ यान चलाएंगे।

(5) चालक यह सुनिश्चित करेगा कि यान चलाते या उसे स्थिर स्थिति में खड़ा करते समय, अन्य सड़क उपयोगकर्ताओं या किसी सम्पत्ति के स्वामी को ऐसा करने के कारण किसी प्रकार की बाधा या अनुचित असुविधा न हो।

(6) चालक यह सुनिश्चित करेगा कि उसकी दृष्यता बाधित न हो और उसकी सुनने की ष्षक्ति यान के यात्रियों, पषुओं, भार, यान में रखे उपकरण या यान की स्थिति के कारण प्रभावित न हो।

(7) चालक यह सुनिश्चित करेगा कि वह और यान के अन्य सवार सीट बेल्ट बांध लें, यदि यान में वह प्रदान किये गये हैं।

(8) चालक यह सुनिश्चित करेगा कि बारह वर्ष से कम उम्र के बच्चों को उपयुक्त बच्चों की सुरक्षित प्रणाली में बिठाया गया है, जहां भी वह प्रदान किये जाते हैं।

(9) जहां कहीं भी किसी मोटरसाइकिल साइडकार के साथ या उसके बिना प्रदान की जाती है या विधि के अंतर्गत, पिछली सीट पर बैठा सवार और साइडकार पर बैठे सवार को सुरक्षात्मक सिर के उपकरण (हेलमेट) या कानून के अंतर्गत उस समय निर्दिष्ट किसी अन्य सुरक्षात्मक उपकरण पहनना होगा।

(10) चालक यह सुनिश्चित करेगा कि यान में तेज संगीत नहीं चलाया जाएगा।

(11) यान चलाते समय चालक डिजिटल गतिशील पिक्चरें या वीडियो, नहीं देखेगा, सिवाय जहां मार्ग प्रदर्शन के लिए ऐसा करना आवश्यक है परंतु चालक उस उपकरण का मार्ग प्रदर्शन के लिये इस तरीके से इस्तेमाल करेगा कि उसका ध्यान यान चलाते समय भटक न जाए।

(12) चालक को तत्समय प्रचलित शराब और नशीली दवाओं और धूम्रपान निषेद्ध से संबंधित सभी विधियों का सख्ती से पालन करना होगा, और वह सुनिश्चित करेगा कि अन्य दल, सवार और यात्री,यदि कोई है, वह भी इनका अनुपालन करेंगे।

(13) यान पर बैठते और उसमें से बाहर निकलते समय चालक अपनी और अपनी सवारियों की देखभाल करेगा, ताकि वह अपने साथ अन्य कर्मचारीवृंद, यात्रियों तथा अन्य सड़क उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करे।

(14) चालक किसी भी सार्वजनिक स्थान में ऐसा यान नहीं चलाएगा, जो उसके ज्ञान में, साधारण देखभाल करते समय दोषपूर्ण पाया जाता है, और कथित दोष के कारण यान चलाने से यान के स्वामी के या अन्य सड़क उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा को अनुचित खतरा उत्पन्न होने की संभावना हो सकती है।

(15) यदि यान चलाते समय उसमें कोई तकनीकी त्रुटि आ जाता है, तब जितनी जल्दी संभव होगा चालक यान को तुरन्त सड़क से सुरक्षित रूप में दूर ले जाएगाः

परंतु कि बैटरी चालित दुपहिया यान चलाते समय कोई तकनीकी त्रुटि पाए जाने की स्थिति में सुरक्षा के साथ बाहर निकाला जा सकता है।

(16) मोटर साइकिल या तिपहिया पर सवारी करते या चलाते समय, चालक या सवारी किसी अन्य यान को न पकड़ेगा या न ही धक्का देगा।

(17) मोटर साइकिल या तिपहिया यान का चालक हर समय अपने दोनों हाथ से हैंडल पकडकर रखेगा सिवाय उस समय छोड़कर जब वह विनियम 9 में विनिर्दिष्ट किये अनुसार संकेत प्रदर्शित करने का कौशल करता है।

(18) चालक अपने पैर पैडल या फुटरेस्ट से केवल उस समय हटायेगा जब सड़क की स्थितियां या सुरक्षा ऐसा करने के लिये के लिये आवश्यक हैं।

6. **लेन यातायात** –(1) जहां किसी सड़क को यातायात की यातायात के लिये लेन में चिह्नित किया जाता है, चालक लेन के भीतर यान चलाएगा, और केवल उपयुक्त संकेत या सड़क के चिन्ह या सड़क के निषान या संकेतक देकर लेन बदलेगा।

(2) जहां किसी लेन को विषेषरूप से यानों की श्रेणी के लिये चिन्हित किया जाता है, वहां केवल यानों की कथित श्रेणी ही उस लेन पर चलाई जाएंगी।

(3) जहां एक लेन को निर्दिष्ट श्रेणी या किसी विशेष प्रयोजन के यानों के लिये चिन्हित किया जाता है, उस लेन पर किसी अन्य यान या अन्य श्रेणी के यानों को नहीं चलाया जाएगा।

(4) जहां किसी सड़क को एक लंबवत पीली रेखा या ठोस सफेद रंग की पंक्ति से विभाजित किया जाता है, चालक उसी दिषा में आगे बढ़ने और अपने से आगे वाले यान को पिछेलना/पार करने का प्रयास करते समय, कथित पीली या सफेद ठोस पंक्ति को पार नहीं करेगा।

(5) चौराहों पर पहुंचने के समय, जहां मुड़ने वाली पंक्तियां एकल ठोस पंक्ति के साथ चिन्हित हैं, चालक सुनिश्चित करेगा कि यान उसी दिशा में रहेंगे जिसके लिये निर्दिष्ट किया गया है।

(6) चालक एकल या दोराहे लंबवत ठोस पंक्ति पर या उसके ऊपर या चित्रांकित सुरक्षित यातायात क्षेत्र पर यान नहीं चलाएगा, सिवाय उस मामले को छोड़कर जब आगे सड़क अवरूद्ध है।

(7) एक ऐसी सड़क पर जिसके साथ–साथ एक खंडित रेखा चिन्हित है, चालक यान चलाते समय उस खंडित रेखा को केवल पिछेलना करते समय ही पार करेगा, और पिछेलना करने के उपरान्त विनियम 12 में निर्दिष्ट सुरक्षा सावधानियों का अनुपालन करते हुए वापस अपनी लेन पर वापस आ जाएगा।

7. **रास्ते का अधिकार** –

(1) जहां सड़क पर "रूकने" के संकेत प्रदर्शित किये जाते हैं, संकेत के सामने चालक –

(क) "रूकने" के संकेत से पूर्व आड़ी "रूकने" की रेखा पार करने से पहले रूक जाएंगे;

(ख) यदि किसी मामले में "रूकने" की रेखा चिन्हित नहीं की गई है, या चिन्हित की है लेकिन दिखाई नहीं दे रही है, तब "रूकने" के संकेत से पहले रूक जाएंगे;

(ग) प्रमुख सड़क पर यातायात को रास्ता देंगे; और

(घ) प्रमुख सड़क पर केवल तब प्रवेश करेंगे जब आगे का रास्ता साफ है।

(2) जहां सड़क पर एकल या दोहरी खंडित आड़ी रेखाओं के साथ मिलाकर "रास्ता देने" का संकेत प्रदर्शित किया गया है, चालक यान धीमा कर देगा, जिस सड़क पर आगे जा रहा है वहां पहले यातायात को रास्ता देगा और फिर सावधानीपूर्वक आगे बढ़ेगा।

(3) यदि वहां "रास्ता देने" के संकेत या "रूकने" के संकेत से पहले कोई पैदल पार पथ चिन्हित नहीं किया गया है, चालक पहले पैदल पार करने वाले लोगों को रास्ता देगा।

(4) सड़क किनारे किसी संपत्ति की चारदीवारी से निकलने वाले यान को पहले दूसरे मोटर यानों और सड़क पर पहले से चल रहे यातायात को रास्ता देना होगा।

8. **बांए, दांए और 'यू'–टर्न** –एक मोड़ आने से पहले चालक अच्छी तरह अग्रिम योजना बनाएगा, सड़क पर उचित लेन में आ जाएगा और निम्नलिखित तरीके से अपना इच्छित मुड़ने का संकेत देगा, अर्थात :–

(क) एक चालक जो बांई ओर मुड़ना चाहता है सही समय पर बांई ओर अपने मुड़ने के इरादे का या तो दिशा संकेतक या उपयुक्त हाथ का उपयोग करते हुए संकेत देगा;

(ख) बांए मुड़ने से पहले, चालक उचित समय पर, जितनी दूर तक बांई ओर की लेन पर या गली का उपयोग करते हुए आगे बढ़ेगा, यदि प्रदान की गई है;

(ग) एक बहु–लेन सड़क पर यान चलाते समय, जहां सड़क पर बाईं ओर दिशा संकेतक तीर चिह्नित किये गये हैं, चालक को बांई ओर मुड़ते समय उस लेन का प्रयोग करना होगा;

(घ) बाईं लेन में जाने से पहले, चालक अपने बांई तरफ और उसके पीछे से आने वाले यातायात को ध्यान में रखते हुए, केवल बांई ओर को संकेत देकर लेन बदलेगा;

(ङ) बांए मुड़ने से पहले, चालक को साइकिल चालकों और अन्य धीमी गति से चलने वाले यातायात को रास्ता देना होगा;

(च) अनियंत्रित पैदल यात्री पार पथों पर, चालक को बाईं ओर मुड़ने से पहले पैदल चलने वालों को रास्ता देना होगा;

(छ) एक यान, जो अपनी बड़ी त्रिज्या के कारण मुड़ने में असमर्थ है ऐसे यान को बाईं लेन के अंतिम छोरपर पहुंचकर मुड़ना आवश्यक है, उस यान का चालक पिछले देखने वाले शीषे से बांई ओर के यातायात पर नजर रखते हुए अत्यन्त सावधानी पूर्वक यान को मोड़ना होगा;

(2) दांई ओर मोड़ना—

(क) जो चालक दांई ओर मुड़ने की इच्छा करता है स्पष्ट रूप से और सही समय पर दांई ओर मुड़ने के इरादे का दिशा संकेत या हाथ के संकेत का उपयोग करते हुए संकेत देगा;

(ख) दांई ओर मुड़ने से पहले, चालक सही समय पर दांई ओर की लेन में प्रवेश करेगा;

(ग) एक बहुल—लेन सड़क पर यान चलाते समय, जहां सड़क पर दांई ओर इशारा करते हुए दिशा तीर चिन्हित किये गये हैं, चालक उस लेन में रहते हुए दांई ओर मुड़ेगा;

(घ) अनियंत्रित पैदल यात्री पार पथों पर, चालक को पहले पैदल चलने वालों के लिए रास्ता देना होगा।

(3) 'यू' टर्न लेना –

(क) एक यान 'यू' टर्न नहीं लेगाः

(i) जहां कथित'यू' टर्नएक सड़क चिन्ह या यातायात चिन्हांक द्वारा निषिद्ध है;

(ii) निरंतर प्रवाह के यातायात के साथ एक व्यस्त सड़क पर;

(iii) प्रमुख सड़क, राजमार्ग या चौड़े रास्ते/एक्सप्रेसवे पर; तथा

(iv) निरंतर एकल या दोहरी ठोस रेखा के आरपार;

(ख) यदि वहां यान के आसपास कोई अस्पष्ट स्थान हैं ऐसी स्थिति में चालक 'यू' टर्न नहीं लेगा और बारीकी से विपरीत दिशा से आने वाले यातायात का अवलोकन करने के बाद और बगल के यातायात और पिछले देखने वाले शीशे पर पीछे से आने वाले यातायात पर दृष्टि रखते हुए ही पलराव लेगा।

(ग) चालक को दांई ओर मुड़ने के लिये पहले पैदल और साइकिल चालकों सहित अन्य सड़क उपयोगकर्ताओं को रास्ता देना होगा जिनके पास रास्ते का अधिकार है;

(घ) चालक को यह सुनिश्चित करना होगा कि उसे आनेवाले यातायात का स्पष्ट दृश्य दिखाई दे रहा है और वह अन्य सड़क उपयोगकर्ताओं के लिये किसी प्रकार की अनुचित असुविधा का कारण नहीं बनेगा और अन्य सड़क उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा भी सुनिश्चित करेगा;

(ङ) एक बड़ा यान बाईं लेन से पलराव ले सकता है केवल जब उसे इसकी अनुमति प्राप्त हो जाती है।

**9. चौराहों पर बरती जाने वाली सावधानियां** –

(1) सड़क के चौराहे, सड़क जंक्शन, पैदल पारपथ या सड़क के किनारे पर पहुंचने पर यान को निरपवाद रूप से गति धीमी करनी होगी, और इस तरह के किसी चौराहे, सड़क जंक्शन, पारपथ पर प्रवेश नहीं करेंगे जिससे यातायात करते हुए अन्य सड़क उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा को खतरे की संभावना हो सकती है, या जो सड़क उपयोगकर्ता कथित चौराहों, सड़क जंक्शनों, पैदल पारपथों या सड़क किनारे पहले से ही उपस्थित हैं।

(2) चौराहों और जंक्शनों पर, दाईं ओर से आ रहे यान को पहले रास्ते का अधिकार होगाः

परंतु यह उप—विनियम लागू नहीं होगा, –

(क) जब जंक्शन या चौराहे किसी प्राधिकृत व्यक्ति, यातायात लाइटों या अनिवार्य यातायात संकेतों द्वारा हाथ/मैनुअल संकेतों द्वारा विनियमित किये जा रहे हैं;

या

(ख) जब यान एक छोटी सड़क पर है और प्रमुख सड़क पर प्रवेश करने वाला है।

(3) एक मोटर यान चौराहे पर प्रवेश नहीं करेगा यदि चौराहे पर यातायात रूक गया है यहां तक कि प्रमुख सड़क पर या आगे जाने के लिये संकेत मिल गया है।

**10. गोल चक्करों पर अपनाई जाने वाली सावधानियां** –

(1) गोल चक्कर पर प्रवेश करते समय, गोलचक्कर पर पहले से उपस्थित यातायात को पहले रास्ते का अधिकार होगा।

(2) गोल चक्कर के पास पहुंचने वाले मोटर यान को उसके आगे बढ़ने के लिये प्रासांगिक लेन की दिशा का चयन करना होगा।

(3) गोल चक्कर के भीतर लेन बदलते समय चालक संकेत का उपयोग करेगा।

(4) गोल चक्कर से बाहर निकलते समय बांई ओर मुड़ने के लिये, चालकविनियमन (6) के उप–विनियम (2) में विनिर्दिष्ट प्रक्रिया का पालन करेगा।

**11. सिग्नलों के संकेत**

(1) चालक स्पष्ट रूप से बांए या दांए मुड़ने और किसी कौशल करने से पहले अपनी लेन बदलने के इरादे का यान में लगे यांत्रिक या बिजली उपकरणों को उपयोग कर या हाथ से संकेत करेगा।

(2) किसी मामले में यदि यान में यांत्रिक या विद्युत संचालित उपकरण नहीं लगाए गये या, कथित उपकरण लगाए गये हैं लेकिन वे काम नहीं कर रहे हैं, चालक निम्न निर्दिष्ट किये अनुसार हाथ से संकेत देगा –

(i) यान रोकने के लिए, चालक को दांई ओर अपना दांया हाथ यान के बाहर निकालकर लंबवत उठाना होगा;

(ii) दांई ओर मुड़ने या अन्य यान को पार कर सड़क के दांई ओर यान चलाने के लिये या किसी अन्य कारण, चालक को अपना दांया हाथ चालक यान के बाहर निकालकर अपने यान के दांई ओर क्षैतिज स्थिति में आगे हथेली की स्थिति में उठाना होगा;

